# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
## जनकपुरी, नई दिल्ली

## (शोध एवं प्रकाशन)

## निविदा प्रपत्र

**कार्य का नाम:** वर्ष खण्ड 2021-22 हेतु विश्वविद्यालय का पुर्नमुद्रण (प्रिटिंग) कार्य

| | |
|---|---|
| निविदा फार्म की अंतिम तिथि: | 07 मार्च 2022 सायं 05 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि: | 08 मार्च 2022 सायं 04 बजे |
| सेवा/कार्य की अनुमानित लागत राशि: | 1,00,00,000/- |
| धरोहर राशि: | 50,000/- |
| बैंक का नाम व पता: | एस.बी.आई, दिल्ली कैण्ट |
| कार्य के पूर्ण करने की समय सीमा/समयावधि | 15 दिन |
| निविदा प्रस्तुत करने वाली संस्था का नाम एवं पता: (दूरभाष एवं मोबाईल नम्बर सहित) | केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जनकपुरी, नई दिल्ली |
| Email: | res-pub@csu.co.in |

विश्वविद्यालय के उपर्युक्त कार्य हेतु इच्छुक एवं अधिकृत निविदाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है।

## पुर्नमुद्रण (प्रिन्टिंग) कार्य हेतु आवश्यक नियम एवं शर्ते।

## निर्देशानुसार प्रति (Copy) संलग्न करें:–

1) इच्छुक मुद्रक/प्रकाशक, जो 03 वर्षो के मुद्रण अनुभव के साथ न्यूनतम 03 वर्षो का टर्न ओवर 30 लाख हो, प्रमाणित दस्तावेज के साथ निर्धारित रूप में मुहरबंद निविदा-प्रभारी (शोध एवं प्रकाशन) केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, 56-57 इन्स्टीट्यूशन एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 के नाम से दिनांक 07 मार्च 2022 अपराह्ण 2.00 बजे तक व्यक्तिगत रूप से निविदा बाक्स में जमा कर सकते हैं।
2) फर्म का पंजीयन प्रमाण-पत्र।
3) निविदा फर्म का पैनकार्ड।
4) विगत तीन वर्षो का इन्कम टैक्स रिर्टन (ITR) विवरण।
5) धरोहर राशि के अभाव में निविदा स्वत: निरस्त मानी जाएगी।
6) निविदा स्वीकार न होने की दशा में चयनित निविदा-दाता को छोड़कर अन्य सभी निविदा-दाताओं की धरोहर-राशि का फिक्स डिपाजिट रसीद (FDR/D.D.) वापस कर दी जाएगी।
7) बिक्री कर विभाग से जारी टी.आई.एन./जी.एस.टी. (TIN/ GST) नम्बर।
8) सर्विस टैक्स क्रमांक।
9) कार्य की विचलन सीमा (Deviation Limit) 100 प्रतिशत रहेगी।
10) निविदा स्वीकार होने की स्थिति में निविदा स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से अधिकतम 03 कार्यदिवस में सफल निविदा-दाता को स्वीकृत निविदा राशि की 5 प्रतिशत धनराशि का (FDR) निष्पादित गारंटी के रूप में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा। जो कार्य समापन तिथि से छ: माह की अवधि तक मान्य हो। निष्पादन गारंटी होने के अनन्तर धरोहर राशि वापस कर दी जाएगी।
11) निष्पादन गारंटी प्राप्त होने के अनन्तर तुरन्त कार्यादेश जारी किया जा सकता है। कार्यादेश प्राप्ति के तीन दिनों के अन्दर कार्य का अनुबंध हस्ताक्षर करना होगा तदनन्तर कार्य आरम्भ किया जाएगा।
12) अनुबन्ध जारी होने की तिथि से कार्य प्रारम्भ माना जाएगा। उसी तिथि से समापन तिथि की गणना की जाएगी।
13) निविदा दरें विश्वविद्यालय की शर्तो पर आमंत्रित की गई हैं। अत: निविदाकार की कोई शर्त या बंधनकारी प्रावधान मान्य नहीं होगा। अर्थात् सशर्त प्रस्तुत निविदा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। निर्धारित निविदा में किसी प्रकार का अतिरिक्त टैक्स भुगतान या शर्तो का उल्लेख न किया जाए।
14) सेवाओं में लापरवाही या कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर सम्बन्धित एजेन्सी का अनुबन्ध अवधि से पूर्व ही समाप्त करने का अधिकार केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय को होगा एवं ऐसी स्थिति में धरोहर राशि वापस नहीं की जाएगी।
   i. तकनीकी बोली - उपर्युक्त अनुसार माँगे गये समस्त प्रमाण-प्रपत्र की स्वयं द्वारा सत्यापित छाया प्रतियाँ एवं निर्धारित अमानत राशि का फिक्स डिपोजिट रसीद (FDR) अंतिम तिथि के पूर्व व्यक्तिगत अथवा डाक द्वारा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय कार्यालय को उपलब्ध कराएँ।
   ii. वित्तीय बोली - केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा निविदा फार्म में निर्धारित स्थान पर निविदा दरें भरी जाए। प्रस्तुत निविदा दरों में किसी प्रकार की काट-छाँट या ओवरराइटिंग मान्य नहीं होगा।
15) निविदा खोलते समय निविदाकार अथवा उसके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते हैं।
16) निविदा खोलने में सर्वप्रथम तकनीकी बोली पर विचार होगा। मांगे गये सम्पूर्ण प्रपत्रों के प्राप्त होने पर ही वित्तीय बोली पर विचार होगा। तकनीकी बोली में अधूरे प्रपत्र प्राप्त होने पर वित्तीय बोली निरस्त कर दी जाएगी।
17) निविदा में फर्म के प्रोपराइटर के नाम के साथ हस्ताक्षर अवश्य होने चाहिए।
18) निर्धारित समय सीमा में कार्यादेश का पालन न करने की स्थिति में धरोहर राशि राजसात (जब्त) कर ली जाएगी।
19) समस्त पुस्तकें प्रिंटिंग के पश्चात्, निदेशक केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, संस्कृत मार्ग, बागसेवनिया, भोपाल-462043 ले जाने के लिए ट्रासंपोर्ट का किराया आदि अलग से भुगतान होगा।

20) बिल राशि से नियमानुसार (TDS) की कटौती की जिम्मेदारी केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की रहेगी। (TDS) कटौती से सम्बन्धित 16ए फार्म (TDS) जमा होने के पश्चात् जारी किया जाएगा।

21) निविदा स्वीकृत करना, अस्वीकृत करना या पुनः आमंत्रित करने का अधिकार केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के अधीन रहेगा।

22) किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

23) किसी प्रकार के वाद-विवाद के लिए भारतीय कानून के साथ न्यायायिक क्षेत्र, नई दिल्ली रहेगा।

24) पुस्तकों हेतु कागज 80 (GSM) Sunshine बल्लारपुर का उपयोग करना अनिवार्य है तथा निविदा के साथ पेपर का नमूना (पेपर का प्रकार अवश्य दर्शायें) भी स्वहस्ताक्षरित संलग्न करें।

25) ग्रन्थों के पुनर्मुद्रण हेतु नमूना कार्यालय समय में (अवकाश दिवसों को छोड़कर) विश्वविद्यालय के विक्रय अनुभाग में प्रातः 10 से सायं 5 अनुसार होगी कार्यादेश के 15 दिनों के अन्दर बाइण्डिग की हुई प्रत्येक पुस्तक की दो-दो डमी प्रतियाँ कार्य दिवसों में देखा जा सकता है।

26) पुस्तक की बाइंडिग नमूने कार्यालय में प्रस्तुत करनी आवश्यक है। डमी प्रतियाँ सुपाठ्य न होने पर मुद्रणादेश निरस्त किया जा सकता है।

27) प्रत्येक मुद्रित पुस्तक की सॉफ्ट कॉपी पेनड्राइव में बिल के साथ जमा करना अनिवार्य है।

28) प्रत्येक पुस्तक को सरकार द्वारा निर्धारित प्रदूषण रहित पारदर्शी थैली में पैक करके आपूर्ति करनी होगी, जिसका वहन मुद्रक द्वारा स्वयं किया जाएगा।

29) पुस्तकों की गुणवत्ता (मुद्रण, बाइण्डिग, साईज एवं अन्य) पूर्ववत् या बेहतर होगी।

30) जिन पुस्तकों पर पहले से जिल्द व पापलीन है, उसी पर जिल्द एवं कपड़ा लगाना आवश्यक है। पुस्तक के दोनों तरफ लीफ प्रिटिंग करना आवश्यक है।

31) निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर मुहर सहित हस्ताक्षरित करना आवश्यक है।

32) असफल निविदाकारों की जमा की गयी राशि वापिस की जाएगी।

33) निविदा मूल्य प्रत्येक ग्रन्थ के प्रति पृष्ठ के अनुसार दिया जाए और इस प्रति पृष्ठ मूल्य में समस्त लागत (स्कैनिंग, बाइडिंग, सिलाई, विश्वविद्यालय तक आपूर्ति तथा अन्य समस्त लागत समाहित हो)।

34) पुस्तकों का विवरण निम्नलिखित है-

| क्रम सं. | पुस्तक का नाम | पृष्ठ साइज़ | अनुमानित पृष्ठ संख्या | प्रति पृष्ठ दर |
|---|---|---|---|---|
| 1) | अमर कोष | 20X30X8 अनुमानित (सजिल्द सिलाई सहित बाईडिंग, इत्यादि) | 540 | |
| 2) | भतृहरिशतकत्रय | 23X36X16 अनुमानित (सजिल्द सिलाई सहित बाईडिंग, इत्यादि) | 415 | |
| 3) | हितोपदेश | 20X30X16 अनुमानित (सजिल्द सिलाई सहित बाईडिंग, इत्यादि) | 280 | |
| 4) | व्यवहार कोष | 23X36X16 अनुमानित (सजिल्द सिलाई सहित बाईडिंग, इत्यादि) | 470 | |
| 5) | प्रथम दीक्षा (5 बुकों का 01 सेट) | 20X30X8 अनुमानित (सिलाई सहित बाईडिंग, इत्यादि) | 970 | |
| 6) | द्वितीया दीक्षा (3 बुकों का 01 सेट) | 20X30X8 अनुमानित (सिलाई सहित बाईडिंग, इत्यादि) | 880 | |

**(कुलसचिव)**
**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली**

# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

56-57, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

## (पुस्तकों के पुर्नमुद्रण हेतु निविदा)

विश्वविद्यालय द्वारा कुछ पुस्तकों का पुनर्मुद्रण कराया जाना प्रस्तावित है। पुस्तकों का विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर देखा जा सकता है। इस कार्य हेतु अनुभवी मुद्रकों/प्रकाशकों से निविदा आमंत्रित करता है। निविदा संबंधित नियम/शर्तें विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.sanskrit.nic.in** और भारत सरकार के केन्द्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल **http://eprocure.gov.in/epublish/app** पर देखी जा सकती है।

**कुलसचिव**